दूरभाष व फैक्सः (01342) 260434
ई–मेल :– robijnaur@uppcb.com

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

क्षेत्रीय कार्यालयः महर्षि दयानन्द नगर, निकट सैण्टमेरी स्कूल, आदमपुर–चक्कर रोड, बिजनौर–246701

सन्दर्भ सं0 : 787/D-2/जनरल-2019 दिनांक : 22-8-2019

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0)
अमरोहा।

विषय–गाटा संख्या–289, (अक्षांश 28°54'58.78 "N एवं देशांशन्तर 78°27'20.8"E), ग्राम–अमरोहा खास बाहर चुंगी, तहसील व जनपद–अमरोहा में रिटेल आउटलेट पेट्रोलपम्प की स्थापना हेतु आख्या प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांक–616 / आबकारी सहायक / 2019 दिनांक–22.07.19, जोकि इस कार्यालय में दिनांक–30.07.2019 को प्राप्त हुआ है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के अनुक्रम में प्रस्तावित स्थल की स्थलीय जॉच करायी गयी। निरीक्षण आख्या के अनुसार मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0, मुरादाबाद द्वारा गाटा संख्या–289, ग्राम–अमरोहा खास बाहर चुंगी, तहसील व जनपद–अमरोहा में 1×20 के0एल0 एम0एस0 व 2×20 के0एल0 एच0एस0डी0 (रिटेल आउटलेट) टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित स्थल के पूर्व दिशा में नौगावां–अमरोहा रोड़, पश्चिम दिशा में श्री मनोज कपूर का खाली खेत, उत्तर दिशा में मैसर्स एस0आर0 पेट्रोलपम्प तथा दक्षिण दिशा में श्री दीपक कपूर का खाली प्लाट स्थित है। अतः उक्त इकाई को प्रस्तावित स्थल पर 1×20 के0एल0 एम0एस0 व 2×20 के0एल0 एच0एस0डी0 (रिटेल आउटलेट) टैंकों की स्थापना एवं भण्डारण हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन संस्तुति की जाती है।

1. इकाई द्वारा पेट्रोलियम टैंको का भण्डारण प्रस्तावित स्थल के सन्निकट स्थित विद्युत लाइन से यथासंभव दूरस्थ तथा अग्निशमन विभाग के प्राविधानों के अनुरूप किया जाये।
2. इकाई द्वारा पेट्रोल पम्प द्वारा बोर्ड से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम–1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम–1981 के अन्तर्गत सहमति प्राप्त की जाये।
3. इकाई पेट्रोलियम पदार्थो का भण्डारण एक्सप्लोसिव डिपार्टमेंट के मार्गदर्शिका के अनुसार करना सुनिश्चित करेगा तथा सुरक्षा में अग्निशमन के समस्त वांछित उपाय कराना सुनिश्चित करेगा।
4. आकस्मिक दुर्घटनाओं के बचाव हेतु आन साइट मैनेजमेंट प्लान तैयार कर इसका अनुमोदन संबंधित विभाग से कराकर इस कार्यालय में तीन माह में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगा।
5. इकाई द्वारा डीजल / पेट्रोल के वाष्पन के नियन्त्रण हेतु वेपर रिकवरी सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

भवदीय,

(जे0पी0मौर्य)
क्षेत्रीय अधिकारी

मधुप द्विवेदी / Madhup Dwivedi 18-3-2020

Scanned by CamScanner